# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 14.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** 14 जून "विश्व रक्तदाता दिवस" "Give Blood, give hope: together we save live" के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर शपथ दिलाई गई।
पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्तदाताओं को बताया गया कि आपके के द्वारा प्राप्त रक्त आवश्कतानुसार रक्त की कमी वाले रोगियों तथा निरन्तर आवश्यकता वाले रोगियों जैसे थैलिसीमिया,हीमोफीलिया,सीकल सेल एनीमिया,एप्लास्टिक एमनिया,कैन्सर जैसे रोगों से पीड़ित व्यक्तियों तथा आकस्मिक आवश्यकता जैसे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को ससमय बिना प्रतिस्थानी के रक्त उपलब्ध कराया जाता है।
रक्तदान शिविर के दौरान डिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैंक के चेयर मैन श्री पंकज अग्रवाल,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं डॉ0 ऋषि कुमार सहित मेडिकल स्टॉफ मौजूद रहे।

**(4).** आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत जनपद चित्रकूट से चयनित कुल 111 अभ्यर्थियों (97 पुरुष, 14 महिलाएं) को दिनांक 15.06.2025 को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

इस आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आज दिनांक 14.06.2025 को पुलिस लाइन, चित्रकूट में चयनित अभ्यार्थियों को लखनऊ रवाना करने से पूर्व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार द्वारा ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में चयनित अभ्यर्थियों, उनके परिवहन हेतु निर्धारित बस चालकों, ड्यूटी पर नामित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को जलपान/भोजन कराकर यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन तथा समयबद्ध संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये।
पुलिस अधीक्षक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन में एक नए दायित्व और कर्तव्यबोध की शुरुआत है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेंगे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।
ब्रीफिंग के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लेकर लखनऊ रवाना हो रही बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक श्री अरविन्द वर्मा,पुलिस उपाधीक्षक श्री फहद अली,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण,पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह तथा नियुक्ति प्रक्रिया में सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहें।

**(5).**आज दिनाँक 14.06.2025 को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली कर्वी में थाना दिवस के अवसर पर कुल 09 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 01 का तत्काल निस्तारण कराया गया तथा शेष आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।
थाना दिवस के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,अपराध निरीक्षक श्री लाखन सिंह व राजस्व की टीम मौजूद रही।